भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. 347**
बुधवार, 5 अप्रैल, 2023 (15 चैत्र, 1945 (शक)) को उत्तरार्थ

**देश में बहुराज्यीय सहकारी सोसाइटियां**

**347. डा. मु. तंबी दुरैः**

क्या ***सहकारिता*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में पंजीकृत और कार्यशील बहुराज्यीय सहकारी सोसाइटियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा विभिन्न राज्यों में कृषि, वस्त्र, हस्तशिल्प, रियल्टर्स और अन्य विविध क्षेत्रों से संबंधित अनेक बहुराज्यीय सहकारी सोसायटियों के लिए एक साझा मुख्यालय तथा विभिन्न राज्यों में इसकी शाखाएं स्थापित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या इन बहुराज्यीय सहकारी सोसाइटियों को देश में कहीं से भी अपने वित्तीय खातों और प्रशासनिक कार्यों को संचालित करने की अनुमति है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने देश में बहुराज्यीय सहकारी सोसाइटियों के चुनाव कराने के लिए कोई मानदंड और शर्तें निर्धारित की हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क) से (घ): सदन के पटल पर एक विवरणी रखी गई है ।

**दिनांक 05 अप्रैल, 2023 को उत्तरार्थ राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. 347 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरणी**

(क): दिनांक 31.03.2023 तक पंजीकृत बहुराज्य सहकारी सोसाइटी की संख्या 1557 है जिसमें से तिरासी बहुराज्य सहकारी समितियां परिसमापन के अधीन हैं । राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा अनुबंध पर संलग्न है:

(ख) और (ग): बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 उसके अंतर्गत बने नियमों के प्रावधानों के अनुसार, प्रत्येक बहुराज्य सहकारी समिति के व्यवसाय का एक प्रमुख स्थान होगा जो समिति का पंजीकृत कार्यालय होगा । समिति का पंजीकृत पता देश में कहीं भी हो सकता है जैसा कि उसकी उपविधियों में विनिर्दिष्ट हो ।

(घ): प्रत्येक बहुराज्य सहकारी सोसाइटी के बोर्ड के सदस्यों का निर्वाचन बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 और उसके अंतर्गत बने नियमों के प्रावधानों के अनुसार नियुक्त रिटर्निंग अधिकारी द्वारा संचालित किया जाता है । बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 की अनुसूची में निर्वाचन कराने की प्रक्रिया का ब्यौरा विनिर्दिष्ट है ।

**अनुबंध**

दिनांक 31 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार पंजीकृत और परिसमापन के अधीन बहुराज्य सहकारी समितियों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा

| **क्रम सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार** | **पंजीकृत समितियां** | **परिसमापन के अधीन समितियां** |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 24 | 2 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1 | - |
| 3 | असम | 6 | - |
| 4 | बिहार | 19 | 1 |
| 5 | चंडीगढ़ | 1 | 1 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 8 | - |
| 7 | दादरा और नगर हवेली | 1 | - |
| 8 | गोवा | 1 | 1 |
| 9 | गुजरात | 44 | 4 |
| 10 | हरियाणा | 21 | - |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 1 | - |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 2 | - |
| 13 | झारखंड | 9 | 1 |
| 14 | कर्नाटक | 29 | - |
| 15 | केरल | 30 | - |
| 16 | मध्य प्रदेश | 29 | - |
| 17 | महाराष्ट्र | 672 | 15 |
| 18 | मणिपुर | 3 | - |
| 19 | नागालैंड | 1 | - |
| 20 | नई दिल्ली | 162 | 11 |
| 21 | ओडिशा | 19 | 11 |
| 22 | पुड्डुचेरी | 6 | - |
| 23 | पंजाब | 24 | 1 |
| 24 | राजस्थान | 72 | 16 |
| 25 | सिक्किम | 1 | - |
| 26 | तमिल नाडु | 126 | 3 |
| 27 | तेलंगाना | 9 | 2 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 162 | 9 |
| 29 | उत्तराखंड | 5 | - |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 69 | 5 |
| | **कुल** | 1557 | 83 |